ARMY PUBLIC SCHOOL GWALIOR
CLASS – V
ACADEMIC SESSION 2023-24
HOLIDAY HOMEWORK

S.NO.	SUBJECT	QUESTION
1.	**English**	1. Write a paragraph (100 words) about the place where you have visited during your summer holidays. Paste few related pictures too.(Scrapbook) 2. Make one separate notebook for handwriting and do one page of handwriting every day (date wise).
2.	**Hindi**	सम्मानीय अभिभावक आप सभी से हिंदी विभाग द्वारा एक विशेष निवेदन 🙏 ध्यान देने योग्य बात है कि हम वास्तव में कहाँआ पहुँचे हैं और अपने बच्चों को क्या दे रहे हैं। इस बार स्कूल ने बच्चों के लिए नहीं बल्कि पेरेंट्स के लिए होमवर्क दिया है, जिसे हर एक पेरेंट को पढ़ना चाहिए..... पिछले महीने आपके बच्चों की देखभाल करने में हमें अच्छा लगा। आपने गौर किया होगा कि उन्हें स्कूल आना बहुत अच्छा लगता है। अगले दो महीने उनके प्राकृतिक संरक्षक यानि आप उनके साथ छुट्टियाँ बिताएँगे। हम आपको कुछ टिप्स दे रहे हैं जिससे ये समय उनके लिए उपयोगी और खुशनुमा साबित हो। - अपने बच्चों के साथ कम से कम दो बार खाना जरूर खाएँ। -उन्हें किसानों के महत्व और उनके कठिन परिश्रम के बारे में बताएँ और उन्हें बताएँ कि अपना खाना बेकार न करें। - खाने के बाद उन्हें अपनी प्लेटें खुद धोने दें। इस तरह के कामों से बच्चे मेहनत की कीमत समझेंगे। - उन्हें अपने साथ खाना बनाने में मदद करने दें। उन्हें उनके लिए सब्जी या फिर सलाद बनाने

दें।

- तीन पड़ोसियों के घर जाएँ। उनके बारे में और जानें और घनिष्ठता बढ़ाएँ ।

- दादा-दादी/ नाना-नानी के घर जाएँ और उन्हें बच्चों के साथ घुलने मिलने दें। उनका प्यार और भावनात्मक सहारा आपके बच्चों के लिए बहुत जरूरी है। उनके साथ तस्वीरें लें।

- उन्हें अपने काम करने की जगह पर लेकर जाएँ जिससे वो समझ सकें कि आप परिवार के लिए कितनी मेहनत करते हैं।

- किसी भी स्थानीय त्योहार या स्थानीय बाजार को मिस न करें।

- अपने बच्चों को किचन गार्डन बनाने के लिए बीज बोने के लिए प्रेरित करें। पेड़ पौधों के बारे में जानकारी होना भी आपके बच्चे के विकास के लिए जरूरी है।

- अपने बचपन और अपने परिवार के इतिहास के बारे में बच्चों को बताएँ ।

- अपने बच्चों का बाहर जाकर खेलने दें, चोट लगने दें, गंदा होने दें। कभी कभार गिरना और दर्द सहना उनके लिए अच्छा है। सोफे के कुशन जैसी आराम की जिंदगी आपके बच्चों को आलसी बना देगी।

- उन्हें कोई पालतू जानवर जैसे कुत्ता,बिल्ली,चिड़िया या मछली पालने दें।

- उन्हें कुछ लोक गीत सुनाएँ।

- अपने बच्चों के लिए रंग बिरंगी तस्वीरों वाली कुछ कहानी की किताबें लेकर आएँ ।

- अपने बच्चों को टीवी, मोबाइल फोन, कंप्यूटर और इलेक्ट्रॉनिक गैजेट्स से दूर रखें। इन सबके लिए तो उनका पूरा जीवन पड़ा है।

- उन्हें चॉकलेट्स, जैली, क्रीम, केक,चिप्स,गैस वाले पेय पदार्थ और पफ्स जैसे बेकरी प्रोडक्ट्स, समोसे जैसे तले हुए खाद्य पदार्थ देने से बचें।

- अपने बच्चों की आँखों में देखें और ईश्वर को धन्यवाद दें कि उन्होंने इतना अच्छा तोहफा आपको दिया।

अब से आने वाले कुछ सालों में वो नई ऊँचाइयों पर होंगे। माता-पिता होने के नाते ये जरूरी है कि आप अपना समय बच्चों को दें।अगर आप माता-पिता हैं तो इसे पढ़कर आपकी आँखें नम जरूर हुई होंगी और आँखें अगर नम हैं तो वजह साफ है कि आपके बच्चे वास्तव में इन सब चीजों से दूर हैं। इस एसाइनमेंट में लिखा एक-एक शब्द ये बता रहा है कि जब हम छोटे थे तो ये सब बातें हमारी जीवनशैली का हिस्सा थीं, जिसके साथ हम बड़े हुए हैं, लेकिन आज हमारे ही बच्चे

इन सब चीजों से दूर हैं, जिसकी वजह हम खुद हैं..

कृपया आप सभी मोबाइल से दूर रहे एवं अपने बच्चों को भी मोबाइल से दूरी बनाकर रखने का प्रयास करें🙏🙏🙏

* एक कॉपी बनाए जिसमें एक पेज हिंदी सुलेख रोज़ाना करे।

		* अपने दादा/दादी या नाना/नानी या मम्मी/पापा से नैतिक शिक्षा पर आधारित कहानी सुनकर अपने शब्दों में कहानी सुनाते हुए वीडियो बनाएँ व तसवीर खिचवाएँ।
3.	**Maths**	1. Write down the population of any 10 states of India. (a) Write the names of the states. (b) Write the population in words. (c) Arrange them in ascending order and descending order. (d) Find out state with maximum and minimum population **Or** Write down the population of any 10 countries. (a) Write the names of the countries. (b) Write the population in Indian and International System of Numeration. (c) Arrange them in Ascending Order and Descending Order. (d) Find out countries with maximum and minimum population. 2. Revise table 2 to 20 3. Practice 5 sums each of all four operations +,-.×,÷ every week (the sums should be of class 5 level) **Note:** Question 1 to be done in Maths Scrapbook and Question 3 to be done in rough notebook.
4.	**EVS**	Grow and plant any five vegetable plants in five separate pots 🪴 .Make a table with 3 Columns labelling them as in a scrapbook. i). Name of the plant ii). Edible part of the plant iii). Name of the dish prepared using them. iv) paste pictures also of that plant